दिनांकः 05.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा–आदिवासी समाज के लोग अपने बच्चों को शिक्षित होने और आगे बढ़ने का अवसर दें–उन्होंने बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम में आदि गौरव सम्मान समारोह को संबोधित किया।
- राइजिंग राजस्थान समिट को लेकर डूंगरपुर में इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन–1 हजार 149 करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश के लिए एमओयू हस्ताक्षर।
- शिक्षा और पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा–प्राकृतिक खेती से पर्यावरण संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा।
- राज्य में विधानसभा उपचुनाव के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रवर्तन एजेंसियों के नोडल अधिकारियों की ली बैठक।

......................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि आदिवासी समाज के लोग अपने बच्चों को शिक्षित करें और उन्हें आगे बढ़ने और पंख फैलाने का अवसर दें। उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासी समाज के साथ है। राष्ट्रपति कल बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम में आदि गौरव सम्मान समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने 'आदि गौरव सम्मान' पाने वाले सभी विजेताओं को बधाई दी और पुरस्कार पाने वालों में महिलाओं की संख्या अधिक होने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि आदिवासी युवा खेल प्रतियोगिताओं में समाज और देश–प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हाल ही में शुरू किए गए ''धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष'' अभियान का लक्ष्य आदिवासी समुदाय के पांच करोड़ से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह अभियान आदिवासी समाज का गौरव बढ़ाने का सशक्त माध्यम बनेगा।

कार्यक्रम में जनजातीय क्षेत्र के विकास में उत्कृष्ट कार्य करने वाले और विभिन्न संस्थाओं को आदि रत्न गौरव सम्मान, आदि सेवा गौरव सम्मान तथा आदि ग्रामोत्थान गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने महिला स्वयं सहायता समूह की राजीविका सखियों को 158 करोड़ रुपये के चैक वितरित किये। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहे। इसके अलावा जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राजस्व मंत्री हेमन्त मीणा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा बड़ी संख्या में आमजन भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मानगढ़ धूणी क्षेत्र के विकास के लिए 5 करोड़ रुपये देने और मानगढ़ धाम में पुलिस चौकी खोलने की घोषणा की।

......................

राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर्स मीट के जिला स्तरीय समिट का कल डूंगरपुर जिले में आयोजन हुआ। इस दौरान 63 उद्यमियों ने 1 हजार 149 करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश के लिए एमओयू किये। जिला प्रशासन, उद्योग विभाग तथा रीको की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह, लघु उद्योग भारती राजस्थान के प्रदेश महामंत्री योगेंद्र शर्मा, प्रवासी राजस्थानी उद्यमी विनोद जोशी उपस्थित रहे। जिला कलक्टर ने जिले में बड़े स्तर पर निवेश के लिए किए गए एमओयू पर निवेशकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डूंगरपुर जिले में नए आयाम स्थापित होंगे। उन्होंने जिले में औद्योगिक क्षेत्र में संभावनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि इस निवेश से जिले के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

......................

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा आज हनुमानगढ़ जिले के दौरे पर रहेंगे। डॉ. बैरवा दोपहर में एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगे। इसके बाद वे हनुमानगढ़ जंक्शन बस स्टैंड पर पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे।

......................

भारतीय वायु सेना अपने 92वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में आगामी सोमवार से चेन्नई में फ्लाई–पास्ट शो का आयोजन करेगी। नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए वायु सेना प्रमुख एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह ने बताया कि वायु सेना अपने उपकरणों तथा आपूर्ति श्रृंखला को अच्छी तरह से बनाए रखने और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए स्वदेशीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है।
वायु सेना प्रमुख ने कहा कि हाल के वर्षों में प्रशिक्षण को और अधिक बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने कहा कि युद्ध जैसी स्थितियों के लिए कर्मियों को प्रशिक्षित करने के लिए एकीकृत प्रशिक्षण क्षेत्र स्थापित किया गया है।

......................

शिक्षा और पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि प्राकृतिक खेती से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती को अपनाकर किसान अपना और देश का भविष्य उज्जवल कर सकते हैं। शिक्षा मंत्री कल सीकर के खाटूश्यामजी में एक निजी संस्थान की ओर से आयोजित तीन दिवसीय कृषि प्रशिक्षण शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सिंगल यूज़ प्लास्टिक को पर्यावरण का शत्रु बताते हुए प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान चलाने पर जोर दिया। शिविर में देशभर के 13 राज्यों के करीब एक हजार किसान भाग ले रहे हैं।

......................

राज्य में विधानसभा उपचुनाव के दौरान चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने प्रवर्तन एजेंसियों के राज्य स्तरीय नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में श्री महाजन ने उपचुनाव में चुनावी खर्च पर निगरानी रखने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किये। उन्होंने प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों को कहा कि उपचुनाव की आचार संहिता के दौरान नकदी और संदिग्ध वस्तुओं के परिवहन, वितरण तथा भंडारण पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। निर्वाचन विभाग ने उपचुनाव के संबंध में कल ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के रेंडमाइजेशन के लिए वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से एक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया।

......................

हरियाणा में 90 सदस्यीय विधानसभा सीटों के लिए आज एक ही चरण में वोट डाले जा रहे हैं। सुबह 7 बजे से शुरू हुआ मतदान शाम 6 बजे तक चलेगा। दो करोड़ तीन लाख से अधिक मतदाता एक हजार 31 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। सुचारू मतदान के लिए कुल 20 हजार 632 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग सहित सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

......................

राज्य पक्षी गोडावण के अस्तित्व को बचाने और इसकी संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जैसलमेर और पोकरण स्थित प्रजनन केंद्रों में गोडावण के चूजों को क्षेत्रीय जलवायु और भौतिक वातावरण उपलब्ध करया जा रहा है।

......................

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आज स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर ढाई बजे से शाम साढे पांच बजे तक दो पारियों में ये परीक्षा होगी। इसके लिए प्रदेश में 123 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा के लिए 22 हजार 368 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।

......................

जैसलमेर में कल रात एक सड़क हादसे में दो लोगों की मृत्यु हो गई और सात लोग घायल हो गये। घायलों को जवाहर चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। ये हादसा बाड़मेर–जैसलमेर सरहद के पास एक टैंपो ट्रेलर और ट्रेक्टर की टक्कर से हुआ। टैंपो में सवार सभी लोग एक सगाई समारोह से लौट रहे थे।

......................

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज से 'जयपुर ध्रुवपद फेस्टिवल' की शुरुआत हो रही है। यह फेस्टिवल राजस्थान कला, साहित्य, संस्कृति विभाग और जवाहर कला केंद्र की ओर से आयोजित किया जा रहा है। आज पहले दिन सुर बहार वादक डॉ. अश्विनी दलवी, वरिष्ठ कथक नृत्यांगना प्रेरणा श्रीमाली और पद्मश्री उस्ताद मोईनउद्दीन खां ध्रुवपद गायकी और भारतीय संगीत पर परिचर्चा करेंगे। शाम को डागर घराने के शिष्य ध्रुवपद गायकी प्रस्तुत करेंगे।

......................